# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ. ग.)

**रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) 491001**

ई मेल : **registrar@durguniversity.ac.in** वेब साईट : **www.durguniversity.ac.in** दूरभाष :0788–2359100


क्र. 788 / कुलसचिव कार्या. / 2022 दुर्ग, दिनांक 19 / 01 / 2022

प्रति,

समस्त प्राचार्यगण
शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र

**विषयः–राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 के उपलक्ष्य में सीजीकॉस्ट रायपुर के सहयोग से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित ऑनलाईन प्रतियोगिताओं में आपके महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों की सहभागिता विषयक।**

उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेख है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 के उपलक्ष्य में सीजीकॉस्ट रायपुर के सहयोग से निम्नानुसार ऑनलाईन प्रतियोगिताओं का आयोजन नियमित विद्यार्थियों हेतु किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि आपके महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य इस सूचना को प्रसारित कर उन्हें इन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित करें। समस्त ऑनलाईन प्रतियोगिताओं की प्रविष्टयां निम्नानुसार विश्वविद्यालय की ईमेल आईडी **events@durguniversity.ac.in** **पर भेजे**

1. **''संधृत भविष्य हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के एकीकृत प्रयास'' (Integrated approach in S & T for Sustainable Future ) विषय पर नियमित विद्यार्थियों हेतु पोस्टर प्रतियोगिता–**

- प्रतिभागी विद्यार्थी को स्वयं रंगीन पोस्टर बनाकर (आधी ड्राइंग शीट) की साइज पर उसे स्कैन कर दिनांक 31 जनवरी 2022 की शाम 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय के ईमेल events@durguniversity.ac.in पर भेजना होगा।
- पोस्टर के साथ–साथ विद्यार्थियों को अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से नियमित छात्र होने का प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड नं. की छाया प्रति संलग्न करना , एवं मोबाईल नं. देना आनिवार्य होगा।
- प्रतिभागी विद्यार्थी को इस बात का प्रमाण पत्र भी देना अनिवार्य होगा कि संलग्न पोस्टर उसके स्वयं के द्वारा बनाया गया हो।

2. **''समाज के संधृत विकास हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग'' '' (Application of S & T for Sustainable Future of Society ) विषय पर नियमित विद्यार्थियों हेतु निबंध प्रतियोगिता–**

- प्रतिभागी विद्यार्थियों को हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में ए4 साईज पेपर पर अधिकतम 500 शब्द में निबंध स्वयं के हस्तलिखित रूप में तैयार करना हैं।
- विद्यार्थी द्वारा लिखे गये निबंध को साफ्ट कॉपी में दिनांक 31 जनवरी 2022 की शाम 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय के ईमेल events@durguniversity.ac.in पर भेजना होगा।
- निबंध के साथ–साथ विद्यार्थियों को अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से नियमित छात्र होने का प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड नं. की छाया प्रति संलग्न करना , एवं मोबाईल नं. देना आनिवार्य होगा।
- प्रतिभागी विद्यार्थी को इस बात का प्रमाण पत्र भी देना अनिवार्य होगा कि संलग्न निबंध उसके स्वयं के द्वारा लिखा गया हो।

**3. दुर्ग विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय के नियमित प्राध्यापकों / सहायक प्राध्यापकों हेतु '' विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नये आयाम'' (New Dimensions of S & T) विषय पर पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता–**

- प्रतिभागी प्राध्यापकों एवं को हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में अधिकतम 05 मिनट की अवधि का पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण तैयार करना हैं।
- प्राध्यापक द्वारा तैयार पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण को साफट कॉपी में दिनांक 31 जनवरी 2022 की शाम 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय के ईमेल events@durguniversity.ac.in पर भेजना होगा।
- पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण की साफ्ट कॉपी के साथ–साथ प्राध्यापक को अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से नियमित प्राध्यापक होने का प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड नं. की छाया प्रति संलग्न करना , एवं मोबाईल नं. देना आनिवार्य होगा।
- प्रतिभागी प्राध्यापकों को इस बात का प्रमाण पत्र भी देना अनिवार्य होगा कि संलग्न पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण उसके स्वयं के द्वारा तैयार किया गया है।

**नोटः–1. उपरोक्त उल्लेखित प्रमाण पत्रों के अभाव में प्रतिभागी की प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जायेगी।**
**2. निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्रतिभागी की प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जायेगी।**
**3. विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति द्वारा प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु गठित निर्णायक समिति द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन–तीन प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।**
**4. उक्त प्रतियोगिताओं संबंधी किसी भी प्रकार के विवाद होने पर विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।**

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

प्रतिलिपिः–
क्र. 789 / कुलसचिव कार्या. / 2022 दुर्ग, दिनांक 19 / 01 / 2022

01. निजसचिव, माननीय कुलपति महोदय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
02. ऑफिस फाईल

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग